C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 223 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 05 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## निकाय-पंचायत चुनाव में अनपढ़ों पर रोक नहीं, दो संतान नियम हटाने की तैयारी

### सरकार का लिखित जवाब: शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य करने का कोई प्रस्ताव नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनावों में अनपढ़ उम्मीदवारों पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई जाएगी। साथ ही निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने के लिए शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार ने यह भी संकेत दिए हैं कि दो से अधिक संतान वाले उम्मीदवारों पर लगी रोक हटाने की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ रही है।




कांग्रेस विधायक पूसाराम गोदारा के सवाल के लिखित जवाब में सरकार ने दोनों मुद्दों पर पहली बार स्थिति स्पष्ट की है। जवाब में बताया गया कि नगर निकाय चुनावों के लिए राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 21 में उम्मीदवारों की योग्यता से जुड़े प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन इनमें शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कोई नियम नहीं है। ऐसे में शिक्षा को अनिवार्य करने के लिए नियमों में संशोधन का कोई प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन नहीं है।

वहीं, दो से अधिक संतान वाले उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने की छूट देने के सवाल पर सरकार ने कहा कि राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 24 में संशोधन के लिए विधि विभाग को फाइल भेजी जा चुकी है, जो फिलहाल प्रक्रियाधीन है। यदि संशोधन को मंजूरी मिलती है, तो यह प्रतिबंध हट सकता है।

## बर्थडे के बहाने सूरत बुलाया, 20 दिन होटल में बंधक बनाकर दुष्कर्म

### नशे के इंजेक्शन देकर युवती को बेहोश किया, मारपीट व मानसिक प्रताड़ना



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

(गर्वित) गुजरात के युवक ने सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर कोटा की 21 वर्षीय युवती को जन्मदिन मनाने के बहाने सूरत बुलाया और वहां उसे लगातार 20 दिनों तक अलग-अलग होटलों में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता को नशे के इंजेक्शन देकर बेहोश किया जाता था और उसके साथ बार-बार दरिंदगी की गई। आरोपियों ने युवती के साथ मारपीट कर उसे मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया।

पीड़िता ने बताया कि 25 दिसंबर को सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी युवक से संपर्क हुआ था। आरोपी ने अपना जन्मदिन 1 जनवरी बताते हुए उसे सूरत आने का न्योता दिया। युवती जैसे ही सूरत पहुंची, आरोपी और उसके साथी ने उसे अलग-अलग होटलों में ले जाकर कैद कर लिया।

**नशे के इंजेक्शन, गहने लूटे, गलत काम में धकेलने की कोशिश**

पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने उसे नशे के इंजेक्शन देकर बेहोश किया, बार-बार दुष्कर्म किया और मारपीट की। उसके सोने के गहने भी लूट लिए गए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसे गलत काम में धकेलने की भी कोशिश की।

**मौका मिलते ही भागी, कोटा पहुंचकर परिजनों को बताया सच**

किसी तरह मौका पाकर पीड़िता आरोपियों के चंगुल से भाग निकली और कोटा पहुंचकर परिजनों को पूरी आपबीती बताई। इसके बाद परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। कोटा पुलिस ने जीरो नंबर एफआईआर दर्ज कर 31 जनवरी को मामला सूरत पुलिस को ट्रांसफर कर दिया।

**दोनों आरोपी गिरफ्तार, होटल मजदूरी करते थे**

मामले में बी.ए. चौधरी, एसीपी सूरत ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी होटल में वेटर और टेलर/मजदूरी का काम करते थे। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड लिया है।

एसीपी चौधरी के अनुसार, पुलिस यह जांच कर रही है कि युवती को किन-किन स्थानों पर रखा गया और पूरे अपराध को किस तरह अंजाम दिया गया।


## स्कूल खंडहर, सरकार को ग्वालों की चिंता!

### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले हजारों स्कूल जर्जर, सरकार ने मरम्मत को एक रुपया नहीं दिया

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान की शिक्षा व्यवस्था से लेकर देश की विदेश नीति तक, हर मोर्चे पर सरकार को घेरते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बुधवार को तीखा और सीधा हमला बोला। जूली ने शिक्षा मंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में हालात इतने खराब हैं कि स्कूल जर्जर इमारतों में चल रहे हैं और सरकार को बच्चों की नहीं, ग्वालों की फिक्र है।

जूली ने आंकड़े रखते हुए कहा कि राजस्थान में 3,768 स्कूल जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनके सुधार के लिए सरकार ने बजट



में एक रुपया तक नहीं दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं को रोजगार देने के बजाय गोबर बेचने और गाय चराने की नीति पर काम कर रही है। जूली ने दावा किया कि प्रदेश में कई स्कूल मुर्गी फार्म में चलने को मजबूर हैं और शिक्षक भर्ती की घोषणाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने शिक्षा के बाद देश की विदेश नीति को भी निशाने पर लिया। विदेश नीति तो जीरो कर दी गई है, बस ये बता दो कि अमेरिका बैकफुट पर आया किस बात से?

जूली ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने सरेंडर कर दिया। उन्होंने आशंका जताई कि अमेरिका के डेयरी उत्पाद भारत आने से देश के किसान आत्महत्या की कगार पर पहुंच सकते हैं।

जूली ने खाद, बीज और यूरिया की किल्लत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जो सरकार किसानों की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं कर पा रही, वही सरकार अब विदेशों से किसानों की बर्बादी का सौदा कर आई है।

जूली ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम से सीधे सवाल पूछते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका के दबाव में आकर देश के हितों को गिरवी रख दिया है।

उन्होंने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा कि इस डील में भारत को क्या मिला और क्या खोया?

## उच्च अधिकारियों के आदेशों की अनदेखी पड़ी भारी, रासेड़ के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जिला कार्यालय अटैच

### समय पर निर्देशों की पालना नहीं करने पर सीबीईओ की सख्त कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

उच्च अधिकारियों के आदेशों की समय पर पालना नहीं करना रासेड़ के कार्यवाहक प्रधानाचार्य के लिए महंगा साबित हुआ। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा भीलवाड़ा एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा कोटड़ी द्वारा दिए गए निर्देशों की समय पर अनुपालना नहीं किए जाने को गंभीर लापरवाही मानते हुए कार्रवाई की गई है।

सीबीईओ अशोक कुमार पारीक ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रासेड़ के कार्यवाहक प्रधानाचार्य देवी लाल भील द्वारा निर्धारित समय में निर्देशों की अनुपालना नहीं की गई। इस पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा भीलवाड़ा से दूरभाष पर प्राप्त निर्देशों की पालना में उन्हें बाद ड्यूटी जिला कार्यालय कार्यमुक्त कर दिया गया है। प्रधानाचार्य देवी लाल भील को गुरुवार से मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा भीलवाड़ा कार्यालय में उपस्थिति देने के निर्देश जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सवाईपुर में आयोजित प्रधानाचार्य बैठक में भी समय पर सूचना संप्रेषण को लेकर सीबीईओ अशोक कुमार पारीक ने विशेष निर्देश जारी करते हुए उच्च अधिकारियों के आदेशों की समयबद्ध पालना पर जोर दिया था।

## माता-पिता से संबंध तोड़ने के बाद भी विरासत अधिकार? विधानसभा में उठा संवेदनशील सवाल

### विधायक अशोक कोठारी ने कहा अदालत में रिश्ता तोड़ने का बयान देने वालों के संपत्ति अधिकारों की हो समीक्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान विधानसभा में बुधवार को पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर बढ़ते संपत्ति विवादों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने नियम 295 के अंतर्गत विशेष उल्लेख प्रस्ताव के माध्यम से हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत संपत्ति अधिकारों के कथित दुरुपयोग की ओर सदन का ध्यान आकर्षित किया।

विधायक कोठारी ने कहा कि वर्तमान कानून में माता-पिता की संपत्ति पर बेटों और बेटियों को समान अधिकार दिए गए हैं, लेकिन कई मामलों में इसका व्यवहारिक पक्ष गंभीर विवादों को जन्म दे रहा है। उन्होंने बताया कि अनेक प्रकरणों में बेटियाँ अपनी इच्छा से घर छोड़कर अन्य समाज या समुदाय के व्यक्ति के साथ रहने लगती हैं। ऐसे मामलों में परिवार द्वारा थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाती है और न्यायालय में पेशी के दौरान संबंधित बेटी अपने माता-पिता को पहचानने से



इनकार करते हुए उनसे संबंध समाप्त करने का बयान दे देती है।

उन्होंने कहा कि इसके बावजूद माता-पिता के निधन के बाद संपत्ति के नामांतरण के समय पुत्री का नाम भी समान रूप से दर्ज हो जाता है। कई बार वह मौके पर उपस्थित नहीं रहती, लेकिन बाद में अपने हिस्से की भूमि या संपत्ति परिवार से इतर व्यक्तियों को बेच देती है। इससे परिवारों में आपसी विवाद बढ़ते हैं और न्यायालयों में मुकदमों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

विधायक कोठारी ने प्रश्न उठाया कि जब कोई संतान न्यायालय में माता-पिता से संबंध तोड़ने का बयान देती है, तो उसके बाद विरासत और नामांतरण में उसके अधिकारों की समीक्षा क्यों नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस तरह के मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नामांतरण प्रक्रिया में स्पष्ट नियंत्रण और ठोस कानूनी प्रावधान किए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने सुझाव दिया कि इस समस्या के समाधान के लिए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम तथा भू-राजस्व अधिनियम में आवश्यक संशोधन किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे पारिवारिक और सामाजिक विवादों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। विधायक ने कहा कि स्पष्ट कानूनी व्यवस्था बनने से संपत्ति से जुड़े मामलों में कमी आएगी और परिवारों को अनावश्यक न्यायिक प्रक्रियाओं से राहत मिलेगी।

कोठारी ने यह भी आशा व्यक्त की कि ऐसे कानून बनने के बाद लवजिहाद और कई मामलों में संपत्ति के लालच में मासूम बच्चियों को फंसाए जाने जैसी घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

## जहाजपुर में स्थाई एडीजे कोर्ट खोलने की मांग, विधि मंत्री ने दिया आश्वासन

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

न्यायिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर में विधि मंत्री से मुलाकात कर स्थाई अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे कोर्ट) खोलने की मांग रखी। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक सिंह चौहान ने किया। प्रतिनिधि मंडल ने विधायक गोपीचंद मीणा के साथ विधि मंत्री जोगाराम पटेल से मुलाकात कर जहाजपुर में



स्थाई एडीजे कोर्ट की आवश्यकता से अवगत कराया। इस दौरान विधि मंत्री ने इसी वर्ष जहाजपुर में स्थाई एडीजे कोर्ट खोलने का आश्वासन दिया। विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए सतत रूप से प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि स्थाई एडीजे कोर्ट खुलने से जहाजपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के फरियादियों को राहत मिलेगी और उन्हें न्याय के लिए अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा।

C M Y K

# विकास कार्यों को लेकर धाकड़ समाज प्रतिनिधि मंडल ने ऊर्जा मंत्री से की भेंट



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

धाकड़ समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक गोपीचंद मीणा के साथ ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान क्षेत्र के महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए आमंत्रण प्रदान किया गया।

प्रतिनिधि मंडल ने गुड्डा में जीएसएस(सब ग्रिड) के लोकार्पण, धाकड़ समाज के छायागृह के शिलान्यास तथा रेडवास में जीएसएस(सब ग्रिड) के शिलान्यास कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया। इस पर ऊर्जा मंत्री नागर ने सभी कार्यक्रमों में 7 फरवरी को अपनी उपस्थिति देने की सहमति व्यक्त की।

इस अवसर पर विधायक गोपीचंद मीणा के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं धाकड़ समाज के कई लोग उपस्थित रहे। प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्रीय विकास को लेकर सकारात्मक सहयोग के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया।

# सदारामजी का खेड़ा में 11 फरवरी को श्रीराम-जानकी प्राण प्रतिष्ठा व नवकुंडीय महायज्ञ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**



उपखण्ड क्षेत्र के सदारामजी का खेड़ा ग्राम में 11 फरवरी को भगवान श्रीराम-जानकी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं नवकुंडीय श्रीराम महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा।

आयोजन का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ होगा, जो सोमवार 19 जनवरी को दोपहर 12.15 बजे संपन्न होगा। इसके पश्चात गणपति स्थापना 6 फरवरी को प्रातः 7.15 बजे से की जाएगी। जलयात्रा 7 फरवरी को प्रातः 8.15 बजे से नीलकंठ महादेव, कांमा से निकाली जाएगी। इसी दिन यज्ञ का शुभारंभ दोपहर 12.15 बजे से होगा।

धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में भजन संध्या 8 फरवरी को रात्रि 9 बजे से आयोजित होगी, जिसमें गायक प्रकाश दास भजनों की प्रस्तुति देंगे। वहीं सुंदरकांड पाठ 10 फरवरी को रात्रि 9 बजे से होगा, जिसके कथावाचक डॉ. मिथलेश नागर रहेंगे। मुख्य आयोजन के अंतर्गत कलश स्थापना एवं श्रीराम-जानकी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा 11 फरवरी 2026 को प्रातः 10.15 बजे संपन्न होगी। इसी दिन पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा। समस्त धार्मिक अनुष्ठान आचार्य दुर्गेश भट्ट के सानिध्य में संपन्न होंगे।

# रावणा राजपूत परिवार पर हमला, लूटपाट से फैला आक्रोश

## हमले के विरोध में समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन , आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



माण्डल थाना क्षेत्र के ग्राम चतरपुरा (भादू) में रावणा राजपूत परिवार पर हुए हमले और लूटपाट की घटना से रावणा राजपूत समाज में रोष व्याप्त है।

पूर्व युवा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह गुढ़ा ने बताया कि बीती 1 फरवरी की रात करीब 25-30 असामाजिक तत्व लाठियों, कुल्हाड़ियों व सरियों से लैस होकर जगदीश सिंह के घर में घुस आए। आरोप है कि हमलावरों ने जगदीश सिंह पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावर घर से 8 तोला सोना व 4 लाख 45 हजार रुपए नकद लूट ले गए तथा महत्वपूर्ण दस्तावेजों को आग के हवाले कर दिया। साथ ही घर की महिलाओं के साथ अभद्रता करने का भी आरोप है।

घटना के विरोध में श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शंकर, रतन, देवा, रामलाल व नारायण सहित सभी नामजद आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, लूटी गई संपत्ति की बरामदगी तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई है। समाज ने चेतावनी दी है कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर जिलेभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन देते समय कांता कंवर कारोई, अलका कंवर, नरेंद्र सिंह गुढ़ा, चैतन्य सिंह महुआ, मदन सिंह टांक सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के महिला-पुरुष उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों ने मामले की जांच फास्ट-ट्रैक मोड पर कर दोषियों को कठोर सजा दिलाने की मांग की।

# आकोला में 6 मार्च से होगी श्री भक्तमाल कथा, कथा स्थल का किया निरीक्षण

## देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के मुखारबिंद से तीन दिवसीय आयोजन, बनास नदी किनारे तैयार होगा पंडाल



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर/आकोला**

**(सांवर वैष्णव/जसवंत पारीक)**

आकोला क्षेत्र में आगामी दिनों में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बनने जा रहा है। देव नगरी आकोला में 6 मार्च से आयोजित होने वाली श्री भक्तमाल कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को कथा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए।

आयोजनकर्ता गणपत जांगिड़ खजीना ने बताया कि परम पूज्य विश्व शांति दूत धर्म रत्न देवकीनंदन ठाकुर महाराज के मुखारबिंद से श्री भक्तमाल कथा का आयोजन 6 मार्च से 8 मार्च तक आकोला गांव में किया जाएगा। कथा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। इस संबंध में विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के व्यवस्थापक विष्णु शर्मा (वृंदावन) बुधवार को आकोला पहुंचे। उन्होंने बनास नदी किनारे प्रस्तावित कथा स्थल का निरीक्षण किया तथा पंडाल, मंच, श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आकोला शिवालय के महंत रामस्नेही दास महाराज, श्याम सुंदर नौलखा, आशीष पोरवाल, शिव सोनी, शिवनारायण काबरा, रामेश्वर मूंदड़ा (बीगोद), हिम्मत पारीक, राकेश दरक सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाओ महासंग्राम : केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का धरना

## रामलाल जाट ने कहा किसानों और मजदूरों के साथ हो रहा छल, वादे रहे अधूरे





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कलेक्ट्रेट के सामने कांग्रेस देहात जिला कमेटी के बैनर तले बुधवार को मनरेगा बचाओ महासंग्राम के तहत जोरदार धरना-प्रदर्शन हुआ। इस दौरान कांग्रेस देहात जिलाध्यक्ष रामलाल जाट ने भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव आते ही जनता को गुमराह करने वाले फैसले लाकर सरकार अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने का काम करती है।

धरना स्थल को संबोधित करते हुए रामलाल जाट ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन आज भी किसान उसी हालत में खड़ा है। पेट्रोल-डीजल 40 रुपये प्रति लीटर देने का दावा भी केवल जुमला साबित हुआ। उन्होंने कहा कि बजट के आंकड़े चमकदार हो सकते हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। जाट ने केंद्र सरकार पर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की उपज का समर्थन मूल्य लागत में 50 प्रतिशत जोड़कर देने की बात कही गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री के 12 साल पूरे होने के बावजूद यह वादा अधूरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जनता को जाति और धर्म में उलझाकर असली मुद्दों से ध्यान भटका रही है, जबकि कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में लोगों को सच से रूबरू कराने का काम कर रही है।

धरने के दौरान मनरेगा को लेकर भी केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए गए। रामलाल जाट ने कहा कि मनरेगा एक्ट में किए गए बदलाव मजदूरों और ग्रामीणों के हितों के खिलाफ हैं। ग्राम पंचायतों के अधिकार छीने जा रहे हैं और काम मांगने की गारंटी को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार की नहीं, बल्कि गांवों से शहरों की ओर पलायन रोकने की अहम योजना थी, जिसे तकनीकी बहानों के जरिए खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग की गई। इस आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष, पीसीसी पदाधिकारी, नगर पालिका चेयरमैन, पूर्व जनप्रतिनिधि, महिला कांग्रेस पदाधिकारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भीलवाड़ा बनेगा सनातन एकता का केंद्र, पहली बार होगा भव्य सनातन समागम व दीक्षा दान समारोह

## 19 से 26 फरवरी तक सनातन मंगल महोत्सव, देश-विदेश से संत-महात्मा और श्रद्धालु होंगे शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**






धर्म नगरी भीलवाड़ा आगामी 19 से 26 फरवरी तक पहली बार आयोजित होने जा रहे भव्य सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह की साक्षी बनेगी। हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में देश-विदेश से सनातनी धर्मप्रेमी और संत-महात्मा भाग लेंगे।

आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव के तहत तीन ब्रह्मचारियों इन्द्रदेव, कुनाल एवं सिद्धार्थ को 26 फरवरी को विधिपूर्वक गुरु दीक्षा प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि समस्त सनातन समाज द्वारा आयोजित है, जिसका उद्देश्य सनातन एकता का संदेश देना है।

महोत्सव का शुभारंभ 19 फरवरी को श्रीमद् भागवत महापुराण पोथी कलश यात्रा से होगा। 19 से 25 फरवरी तक श्रीधाम वृंदावन के भागवताचार्य डॉ. श्यामसुंदर पाराशर के मुखारबिंद से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा। वहीं प्रतिदिन सायंकाल रासलीला, वैदिक यज्ञ, अखंड पाठ एवं काशी की तर्ज पर गंगा आरती के आयोजन होंगे।

25 फरवरी को भव्य संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर हरि शेवा उदासीन आश्रम पहुंचेगी। महोत्सव का समापन 26 फरवरी को दीक्षा दान समारोह, संत समागम एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए भीलवाड़ा के समस्त हिंदू समाज, संत-महात्मा एवं विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संगठन सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

# Raj-CES महाविद्यालयों में संविदा नियुक्तियों पर रोक की माँग

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**




अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) की शाहपुरा महाविद्यालय इकाई ने Raj-CES महाविद्यालयों की वर्तमान संचालन व्यवस्था के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्राध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर एवं प्ले-कार्ड्स के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया।

महासंघ ने Raj-CES योजना को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विपरीत बताते हुए स्थायी संकाय के अभाव, अपर्याप्त संसाधन एवं संविदा आधारित नियुक्तियों पर आपत्ति जताई।

महासंघ के अनुसार प्रदेश में 374 Raj-CES महाविद्यालय संचालित हैं, जिनमें से लगभग 260 में आज भी स्थायी शिक्षक नहीं हैं।

प्रदर्शन के बाद उपखंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, राज्यपाल व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर संविदा नियुक्तियों की चयन प्रक्रिया पर तत्काल रोक तथा ऋद्धि-सिद्धि महाविद्यालयों को सामान्य राजकीय महाविद्यालयों के रूप में संचालित करने की माँग की गई।



# काले सोने के सफेद फूल बने आकर्षण का केंद्र




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। जिले के मांडलगढ़ रोड स्थित सवाईपुर क्षेत्र में इन दिनों सड़क किनारे लहलहाती अफीम की फसल पर खिले सफेद फूल राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खेतों में फैली यह मनमोहक छटा लोगों का ध्यान खींच रही है और देखने वालों को ठहरकर निहारने पर मजबूर कर रही है। (फोटोः राजेश जीनगर)

QUICK BITES

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिले स्कूल बैग, बच्चों के चेहरे खिले

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**



कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले गरीब व जरूरतमंद परिवारों के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भामाशाह परिवार की ओर से स्कूल बैग वितरित किए गए।

भामाशाह सुरेश तिवारी ने कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 75 जरूरतमंद विद्यार्थियों को नए स्कूल बैग प्रदान किए गए। नए बैग पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के उपप्रधानाचार्य नाथूलाल मीणा सहित शिक्षक मुकेश कुमार खटीक, कैलाश मीणा, गुणमाला जैन, अनुराधा स्वर्णकार, अनीता वैष्णव, विष्णु वैष्णव एवं शारीरिक शिक्षक मोनू कंजर उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

## उपखण्ड अधिकारी ने आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के बैनर एवं ब्रोशर का विमोचन किया

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**

माण्डलगढ़ उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना की सफलता को लेकर योजना से संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।ओर उपखण्ड अधिकारी द्वारा आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के बैनर एवं ब्रोशर का विमोचन किया। बैठक में माण्डलगढ़ पँचायत समिति के ग्राम पंचायत होड़ा को आयुष्मान आदर्श ग्राम बनाने के लिए योजना



में शामिल 18 सूचकांकों पर विस्तार से चर्चा की गई , इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा ने योजना से संबंधित बैनर एवं ब्रोशर का विमोचन किया। ओर तय मानकों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उपखंड अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पण भाव से कार्य करें।

इस मौके पर डॉ ज्ञानेंद्र गोयल नोडल आयुर्वेद अधिकारी ने योजना के बारे में विस्तार से उपस्थित सभी अधिकारियों को जानकारी दी।बैठक में आयुष विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ,पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ,सांख्यिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना की बैठक में 16 जनों को 32 लाख की राशि स्वीकृत

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ ।**

उपखण्ड कार्यालय में कृषि उपज मंडी समिति द्वारा मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के तहत मंडी स्तरीय सहायता समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें योजना में मृतक के आश्रित लाभार्थियों को 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति जारी की गई।

बैठक में एसडीएम एवं कृषि मंडी प्रशासक व मंडी सचिव ने 16 मृतक किसानों के परिजनों को 32 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत करने के महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद मृतक किसानों के आश्रितों को आर्थिक संबल प्रदान कर उनकी सहायता सुनिश्चित की



गई। कृषि उपज मण्डी समिति माण्डलगढ़ में मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के तहत् प्राप्त प्रकरणों में मण्डी स्तरीय सहायता समिति की बैठक प्रशासक ( उपखण्ड अधिकारी ) मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मण्डी स्तरीय सहायता समिति की उक्त बैठक में सहायता समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विभिन्न प्रकरणों में 16 जनों को सहायता राशि 32 लाख रुपये दिये जाने का निर्णय लिया गया।

इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी ने कहा कि राजस्थान सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है और हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में मांडलगढ़ उपखण्ड अधिकारी मनमोहन शर्मा, कृषि मंडी सचिव श्रीमति हेमलता मीणा ने स्वीकृति पत्र वितरित किए तो मृतक आश्रित लाभार्थीयों ने राज्य सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।बैठक में सेवा लाल बैरवा काछोला, सजनी देवी रलायता, रतनी देवी बिगोद. सीता देवी बिगोद , मदन लाल पद्मपुरा, आबल देवी बरुनंदनी, मनभर कँवर बरुनंदनी, गणेश लाल गुर्जर गुढा, सावता मीणा रामपुरिया, कैलाशी देवी मानपुरा, हंसा केदार थलकलां, संतोष देवी दोलजी खेडा , मांगी देवी सुल्तानपुरा, भंवर लाल मीणा कचोलिया कलां, केलाशी देवी बैरवा रलायता , भँवर लाल धाकड, खाचरोल को 2- 2 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई।

## छात्रा प्रोत्साहन योजना के तहत पण्डेर में बालिकाओं को मिली साइकिलें

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

राजस्थान सरकार की छात्रा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पण्डेर में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय आने-जाने में दूरी की समस्या को दूर



करना है।

साइकिल वितरण के दौरान छात्राओं में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में जगदीश जाट, युवा नेता अजय सुवालका, समाजसेवी देवराज भाट, भाजपा नेता सुरेश माली एवं गोपाल रैगर उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उन्हें नियमित अध्ययन करने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को मजबूत आधार प्रदान कर रही है।

# विश्व कैंसर दिवस पर आसींद में निःशुल्क कैंसर जागरूकता व जांच शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 'आरोग्यम' अभियान के तहत एक दिवसीय निःशुल्क कैंसर जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम भोजवानी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) दूसरा सबसे आम कैंसर है। उन्होंने कहा कि समय पर पैप स्मियर टेस्ट के माध्यम से कैंसर से पूर्व की स्थिति का पता लगाया जा सकता है, जिससे इसका पूर्ण उपचार संभव है।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीआई श्रद्धा पंचोली उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. भंवर लाल शर्मा, डॉ. भूपेंद्र भोजवानी, एन.एस. डॉ. पूजा गढ़वाल, डॉ. राकेश दरिया एवं डॉ. मुकेश डांगी सहित अन्य चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने महिलाओं को कैंसर के शुरुआती लक्षणों, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं नियमित जांच के महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

तेरापंथ महिला मंडल की पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर की तैयारी पिछले एक माह से की जा रही थी। 15-20 दिन पूर्व से ही महिलाओं को घर-घर जाकर जागरूक किया गया, ताकि वे बिना किसी झिझक के जांच के लिए आगे आ सकें।

शिविर में सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता के साथ-साथ निःशुल्क पैप स्मियर टेस्ट भी किए गए। महिला मंडल सदस्यों ने महिलाओं से अपील की कि कैंसर से डरें नहीं, समय पर जांच कराएं।

इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल की कार्यकर्ता, स्थानीय पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि तथा चिकित्सा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बनेड़ा में ग्राम शिक्षा सशक्तिकरण अभियान के तहत इंटरव्यू सेशन शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

**परमेश्वर**

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए श्री शिक्षक एवं सेवा संस्थान द्वारा संचालित ग्राम शिक्षा सशक्तिकरण अभियान राजस्थान के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत में एक दिवसीय इंटरव्यू सेशन शिविर का आयोजन किया गया।



इस शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला हेड अभिनव गर्ग ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में स्कूल छोड़ चुके ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।

गर्ग ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक केंद्र पर 30 बच्चों की टोली बनाई जाएगी, जिनके मार्गदर्शन के लिए दो महिला शिक्षा प्रेरकों की नियुक्ति की जाएगी।

शिविर के दौरान ब्लॉक हेड द्वारा आवेदकों के दस्तावेजों की जांच की गई तथा साक्षात्कार के माध्यम से उनकी योग्यता का आकलन किया गया। कार्यक्रम में बनेड़ा हेड निर्मल गर्ग, मंडल हेड नरेंद्र माली, भीलवाड़ा हेड ममता शर्मा, जहाजपुर हेड किरण गर्ग सहित क्षेत्र के लगभग 30 गांवों से आई महिलाओं ने भाग लिया।

# विश्व कैंसर दिवस पर ग्रामीणों व मरीजों को किया जागरूक

**भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली।**

कैंसर दिवस के अवसर पर उपजिला अस्पताल में आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अस्पताल में आए ग्रामीणों को तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में दंत चिकित्सक डॉ. रमेशचंद्र कुशवाह ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि तंबाकू एवं धूम्रपान से मुख कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने लोगों से इन नशों से दूर रहने की अपील की और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया।




डॉ. कुशवाह ने दांतों की सही तरीके से सफाई, नियमित देखभाल और मुख स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दिन में दो बार दांतों की सफाई करने से कई बीमारियों से बचाव संभव है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल स्टाफ व ग्रामीणजन मौजूद रहे ।


# हरी बोल प्रभात फेरी से भक्तिमय हुआ अमरतिया गांव का वातावरण

## चारभुजानाथ की शोभायात्रा के साथ निकली प्रभात फेरी, 81 गांवों की मंडलियों ने लिया भाग

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** अमरतिया गांव में बुधवार को हरी बोल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिससे पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया। गांव की हर गली में हरी बोल के जयकारे गूंज उठे और श्रद्धा का अनुपम दृश्य देखने को मिला।

आयोजक कर्ता दुर्गा सिंह ने बताया कि प्रभात फेरी की शुरुआत सुबह 9:15 बजे चारभुजानाथ की शोभायात्रा के साथ हुई। प्रभात फेरी गांव के विभिन्न



मार्गों से होती हुई निकली। ढोलक, मजीरा और ताल की मधुर धुनों पर हरी के भजनों का गुणगान किया गया, जिससे संपूर्ण गांव हरी भक्ति में सराबोर हो गया। प्रभात फेरी में आसपास के 81 गांवों की प्रभात फेरी मंडलियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर रामचरण दास महाराज राजा जी का करेड़ा, पूर्व उप प्रधान मनीष गूर्जर, कुलदीप सिंह, पूर्व सरपंच ज्वाला सिंह, मुकेश पारीक पिथास सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। दोपहर बाद प्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में धन सिंह, भैरु सिंह, चंद्रभान सिंह, प्रभु गूर्जर, सांवर माली, गोपाल माली, युवराज सिंह, शंकर सिंह, बाबू माली, लादू माली, सुरेंद्र सिंह, कालूराम गूर्जर, कालू माली, केसर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# न्याय आपके द्वार अभियान के तहत जन-समस्याओं की हुई सुनवाई




**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा संचालित 'न्याय आपके द्वार' अभियान के अंतर्गत शाहपुरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भीलवाड़ा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार आयोजित हुआ, जिसमें आम नागरिकों की जन-उपयोगी सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सानिया हाशमी एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा चौहान ने की। इस अवसर पर आमजन द्वारा प्रस्तुत शिकायतों को सुना गया, ताकि उनका निस्तारण स्थायी लोक अदालत के माध्यम से प्रभावी एवं स्थायी रूप से किया जा सके।

अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने आसपास की समस्याओं जैसे गली-मोहल्लों में गंदगी, खराब सड़कें व नालियां, अत्यधिक पानी एवं बिजली बिल, अस्पतालों में अव्यवस्थाएं, शैक्षणिक संस्थानों से जुड़ी सेवाओं में आ रही कठिनाइयों आदि को लेकर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई ।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा न्याय को उनके द्वार तक पहुंचाना है। दर्ज की गई सभी शिकायतों का निस्तारण स्थायी लोक अदालत के माध्यम से आपसी समझौते व विधिक प्रक्रिया के तहत करने की प्रक्रिया को बताया गया ।

# पीथास विद्यालय में 109 छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरण किए



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**( सांवर वैष्णव ):-** बड़ला ग्राम पंचायत के पीथास गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में श्री महावीर युवक मण्डल सेवा संस्थान भीलवाड़ा के सहयोग से छात्र-छात्राओं को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए । इस दौरान कार्यक्रम में 109 बच्चो को जर्सी वितरण हुआ ।

कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष पंकज लालानी, मंत्री महावीर बडोला, पूर्व अध्यक्ष पुखराज चौधरी व शौकीन डागा उपस्थित रहे ।

# निःशुल्क परामर्श, जांच एवं चिकित्सा शिविर 8 फरवरी को

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**(सांवर वैष्णव)** कस्बे के निकटवर्ती सोपुरा जाटों का गांव में आगामी 8 फरवरी को निःशुल्क परामर्श, जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। किशनलाल जाट (प्रशासक) एवं रामेश्वर जाट (गौ सेवक) ने बताया कि यह शिविर पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल , भीलों का बेदला एवं ग्राम पंचायत सोपुरा जाटों का के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन मातेश्वरी गौशाला परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर में नेत्र रोग, हड्डी रोग, चर्म रोग, शिशु रोग, नाक-कान-गला रोग, जनरल मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, वक्ष एवं यक्ष रोग, जनरल सर्जरी तथा मनोचिकित्सा विभाग की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

## QUICK BITES

# गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर शाहपुरा में बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



श्रीराम सुपरमार्केट में गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत बैठक आयोजित हुई। बैठक में अभियान के राजस्थान प्रभारी बहादुर सिंह गुर्जर ने कहा कि देशी नस्ल की गौ माता की उपेक्षा के कारण बड़ी संख्या में गोवंश निराश्रित होकर सड़कों व राजमार्गों पर विचरण कर रहा है, जिससे प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने गोवंश के लिए केंद्र सरकार से समुचित व एकरूप कानूनी संरक्षण की आवश्यकता बताई। नव नियुक्त गो जिला प्रचारक रामेश्वर लाल धाकड़ ने बताया कि वृन्दावन धाम में संतों व गो सेवकों की बैठक के बाद देशभर में गौ हत्या प्रतिबंध तथा गौ सेवा, सुरक्षा व सम्मान को लेकर अहिंसक व शांतिपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को देश की प्रत्येक तहसील पर तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे।

इस अवसर पर जिला प्रभारी जगदीश साहू सहित सुगन बोहरा, आत्मा राम साहू, राम किशन साहू, मदन माली, भगतसिंह लूलास, देवेंद्र सिंह पवार, राजू कहार, रामेश्वर बोहरा सहित अनेक गो सेवक उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक कर्मचारियों के कथित उत्पीड़न के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली**



अखिल राज अधिकारी कर्मचारी माइनोरिटी एसोशिएशन (रकमा) के ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल रब अंसारी के नेतृत्व में बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में रकमा संगठन ने आरोप लगाया कि वर्तमान में विभिन्न विभागों में कार्यरत अल्पसंख्यक कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि प्रशासनिक स्थानांतरण के नाम पर अल्पसंख्यक कर्मचारियों को दूरदराज क्षेत्रों में स्थानांतरित कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

संगठन ने मुख्यमंत्री से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करते हुए अल्पसंख्यक कर्मचारियों को राहत प्रदान करने की मांग की है।

ज्ञापन देते समय संरक्षक डॉ. जाकिर हुसैन, जिलाध्यक्ष मोइनुद्दीन अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल रब अंसारी, महिला उपाध्यक्ष शमशाद बेगम, उपाध्यक्ष कालू खां, महामंत्री शाहिद, महिला महामंत्री तमीजन बानो, संगठन सचिव अब्दुल कादिर, इमरान खान सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डेयरी फेडरेशन ने प्रशासनिक ढांचे में किया बड़ा बदलाव, 5 अधिकारियों की नई जिम्मेदारी हुई तय

## त्रिभुवन पाटीदार बने भीलवाड़ा के प्रबंध संचालक, मिली प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ने प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए कई जिला दुग्ध संघों के प्रबंध संचालकों (एमडी) के तबादले और पदस्थापन किए हैं। इस फेरबदल में भीलवाड़ा डेयरी का जिम्मा अब त्रिभुवन पाटीदार को सौंपा गया है। आरसीडीएफ की ओर से जारी आदेश के अनुसार भीलवाड़ा जिला दुग्ध संघ में सहायक प्रबंधक (संयंत्र) के पद पर कार्यरत त्रिभुवन पाटीदार को उनके वर्तमान कार्य के साथ-साथ तत्काल प्रभाव से भीलवाड़ा डेयरी के प्रबंध संचालक का कार्यभार भी सौंपा गया है। उन्हें पद की प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां भी प्रदान की गई हैं। वहीं, भीलवाड़ा में अब तक एमडी का कार्यभार संभाल रहे दिव्यम कुपरिया (महाप्रबंधक-संयंत्र) का स्थानांतरण पाली जिला दुग्ध संघ में प्रबंध संचालक के पद पर कर दिया गया है। इन अधिकारियों का भी हुआ स्थानांतरणः फेडरेशन ने कुल 5 अधिकारियों की नई जिम्मेदारी तय की है। इनमें मदनलाल को पाली दुग्ध संघ से हटाकर अब नागौर जिला दुग्ध संघ का प्रबंध संचालक बनाया है। राजकुमार शर्मा को बांसवाड़ा दुग्ध संघ के प्रबंध संचालक पद से हटाकर अब बाड़मेर जिला दुग्ध संघ की कमान सौंपी है। देवी लाल को सहायक प्रबंधक (पीएंडआई) को पदोन्नत करते हुए बांसवाड़ा दुग्ध संघ का प्रबंध संचालक बनाया गया है। कपिल स्वामी को बाड़मेर दुग्ध संघ के एमडी पद से हटाकर अब बीकानेर जिला दुग्ध संघ में सहायक प्रबंधक (संयंत्र) लगाया गया है

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।